**18/09**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल 2025 का चौथा संस्करण कल सनटेक सिंगापुर कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में शुरू होगा। इस फ़ेस्टिवल में अरुणाचल प्रदेश लायन डांस जैसे आकर्षक प्रदर्शनों के साथ ही राज्य के अनोखे कपड़ों और डिजाइनों को प्रदर्शित करते हुए एक फैशन शो भी आयोजित करेगा।

0000000000000000000000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में सुरक्षा, फ्रंटियर हाईवे और विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। राज्यपाल ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को लागू करने में सहयोग और जन-केंद्रित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। सेना प्रमुख ने राज्यपाल से भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर चर्चा की और इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि महत्वपूर्ण रक्षा बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बिना किसी देरी के आगे बढ़ सकें।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सिविल सचिवालय में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं 3 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस. पेंधारकर के साथ एक बैठक की। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और सेना के भूमिका पर ज़ोर दिया गया कि वह सिर्फ़ सीमा सुरक्षा बल नहीं है, बल्कि राज्य के विकास में एक सक्रिय भागीदार भी है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से राज्य भर में आयोजित, भूकंप की स्थिति पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आज समापन हुआ। यह ड्रिल सभी जिलों में सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एक साथ आयोजित की गई। इसकी शुरुआत निर्धारित स्थानों पर सायरन बजाकर और आपातकालीन वाहनों को तैनात करके की गई।

0000000000000000000000

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पापुम पार द्वारा आज राष्ट्रीय तैयारियों के कार्यक्रम के तहत भूकंप की स्थिति पर एक मॉक ड्रिल आयोजित किया। इसके तहत, डीसी ऑफिस यूपिया कॉम्प्लेक्स, IOCL डिपो एमची, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय यूपिया और दोन्यी

पोलो एयरपोर्ट ईटानगर सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों पर भूकंप और उससे होने वाले नुकसान का अभ्यास किया गया। ड्रील का उद्देश्य लाइन विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सुविधाओं और आम जनता की भूकंप जैसी आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करना था।

0000000000000000000000

राज्य के उद्योग, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री न्यातो दुकाम ने आज जीरो में उन्नति 2024 के तहत जिला-स्तरीय क्लस्टर-वाइस निवेश और उद्यमिता कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने योजनाओं को अच्छी तरह समझने और आवेदन से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने पर ज़ोर दिया। इस कार्यशाला में 250 से अधिक उद्यमी, युवा और जिला-स्तरीय हितधारक शामिल हुए।

0000000000000000000000

राजीव गांधी यूनिवर्सिटी के डिपर्टमेंट ऑफ़ फ़िज़िक्स द्वारा पुणे स्थित इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के सहयोग से प्रतिष्ठित नॉर्थ ईस्ट मीट ऑफ एस्ट्रोनॉमर्स से पहले, आगामी 5 अक्टूबर को राजीव गांधी यूनिवर्सिटी में एक विशेष नाइट स्काई स्टारगेजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

000000000000000000000000

स्पियर कॉर्प्स के अंतर्गत भारतीय सेना ने कल वेस्ट सियांग जिले के आलो में युद्धक सैनिकों के लिए दो सप्ताह का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सैनिकों की सहनशक्ति, एकाग्रता और लचीलेपन को बढ़ाकर उनकी समग्र जीवन शैली में सुधार करना है।

000000000000000000000000

'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत कल भारतीय सेना ने अपर सियांग जिले के तुतिंग में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। जिसमें एक फुटसल कोर्ट और दो वॉलीबॉल कोर्ट सामिल हैं। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के सबसे दूरस्थ और महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्रों में से एक में युवाओं में फिटनेस, टीमवर्क और खेल गतिविधि को बढ़ावा देना है।

000000000000000000000000

स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दोइमुख में कल एक एक्स-रे यूनिट, एक SOST सेंटर और एक वायरल हेपेटाइटिस उपचार केंद्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 2025' भी शुभारंभ किया गया।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 16 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, लोहित, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000